ईदगाह मैदान का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष चंद्रप्रकाश लोधी। जागरण

ईदगाह मैदान का निरीक्षण करने पहुंची टीम

फतेहपुर, जागरण संवाददाता : ईदगाह में पढ़ी जाने वाली नमाज को लेकर जहां नमाजियों में उत्साह है, वहीं प्रशासन भी तैयारियों में जुटा हुआ है। विशेष नमाज के लिए जुटने वाली भीड़ को दिक्कत न हो इसके लिए पालिका चेयरमैन चंद्र प्रकाश लोधी, अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने चल रही तैयारियों का मौका मुआयना किया। निर्देशित किया कि दिए जा रहे आदेशों का पालन हो साथ ही अन्य दिक्कतों के निस्तारण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

आबूनगर मुहल्ले के ईदगाह मैदान साफ सफाई का व्यापक पैमाने पर काम चल रहा है। चल रहे कामों का निरीक्षण शनिवार को टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के बाद दिए गए निर्देशों में मैदान

- **पालिका चेयरमैन ने निरीक्षण कर पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश**

की घास कटाई की जाए, गड्ढों को मिट्टी से पुराई की जाए, रास्ते के साथ मैदान में चूना छिड़काव किया जाए, मैदान में आने वाले अतिथियों के बैठने के लिए कुर्सी और धूप से बचाव के लिए टेंट लगवाया जाए।

मैदान से दिए जाने वाले संदेश के लिए लाउडस्पीकर लगवाया जाए। सफाई निरीक्षक आबिद अली , प्रभारी मोहम्मद हबीब ने बताया कि दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। मैदान की सभी समस्याओं का खात्मा समय रहते कर दिया जाएगा।